सं.डीएसआईआर/एमएस/2024/11

भारत सरकार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

मंत्रिमंडल हेतु मासिक सारांश

(नवंबर 2024 माह हेतु)

(भाग-I अवर्गीकृत)

**नवंबर 2024 माह के दौरान प्रमुख उपलब्धियां**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

विकसित नये उत्पाद/प्रक्रियाएं/प्रौद्योगिकियां

- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - वर्चुअल इंटेलिजेंस के साथ बायो-मेकाट्रॉनिक ऑर्थोटिक डिवाइस के लिए प्रक्रिया विकसित की
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - निम्न के लिए प्रक्रिया विकसित की
    - अजुगा परविफ्लोरा (नीलकंठी) का सूक्ष्मप्रवर्धन
    - क्लोरोफाइटम कोमोसम (थन्ब.) जैक्स वर्स. कोमोसम में अंतः पात्रे पुष्प प्रेरण
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - रेस्मेथ्रिन (पाइरेथ्रोइड कीटनाशक) के लिए प्रमुख मध्यवर्ती इलियट अल्कोहल का विकास किया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - छद्म केला और अनानास के पत्तों जैसे प्राकृतिक रेशों से वस्त्र धागे का विकास।

लाइसेंस प्राप्त/हस्तांतरित प्रौद्योगिकियाँ

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - निम्न के लिए प्रौद्योगिकी
    - कंक्रीट संरचनाओं की कोटिंग के लिए एपॉक्सी और पॉलीयूरेथेन पेंट दिनांक 01/11/2024 को मेसर्स कंसाई नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड, मुंबई को हस्तांतरित की गयी।
    - जल-आधारित बाइंडर का उपयोग करते हुए बेलनाकार सुपरसंधारित्र दिनांक 09/11/24 को मेसर्स सुपर इलेक्ट्रो ग्रीन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, हरियाणा को हस्तांतरित किया गया।

- **सीएसआईआर-सीईईआरआई**
  - एंडोस्कोपी हेतु उच्च तीव्रता प्रकाश स्रोत की प्रौद्योगिकी दिनांक 27/11/24 को मेसर्स डिवाइन मेडिटेक प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा को हस्तांतरित की गई।

- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - निम्न के लिए प्रौद्योगिकी
    - गोंगुरा लीफ पाउडर मेसर्स असल हर्बल फूड्स, तमिलनाडु को हस्तांतरित किया गया
    - स्प्रे ड्राइड रिफाइंड पपेन मेसर्स एस.आई. बायोजाइम, महाराष्ट्र को हस्तांतरित किया गया

- **सीएसआईआर- सीएमईआरआई**
  - सामुदायिक स्तर पर उन्नत लौह निष्कासन संयंत्र के लिए प्रौद्योगिकी दिनांक 04, 07 और 18/11/24 को क्रमशः मेसर्स मैक्रोटेक, मेसर्स हाइजीन वाटरवेव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ड्यू प्योर इंजीनियरिंग (कोलकाता) और मेसर्स इनफिनिट एक्वा प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली को हस्तांतरित की गई।

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - निम्न के लिए प्रौद्योगिकी
    - ड्राई फ्लावर प्रौद्योगिकी के उपयोग से शिल्पकृति बनाने की प्रौद्योगिकी दिनांक 05/11/24 को शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह, कांगड़ा को हस्तांतरित की गई।
    - मिलेट पंजीरी (03 वैरिएंट) की प्रौद्योगिकी दिनांक 05/11/24 को ताश्विका इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली को हस्तांतरित की गई।
    - हर्बल अगरबत्ती और छड़ियाँ की प्रौद्योगिकी दिनांक 20/11/24 को उच्च शिखरीय उत्पाद महिला समूह जाहलमान, उदयपुर, लाहौल और स्पीति को हस्तांतरित की गई।

- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - उन्नत गुड़ बनाने वाले संयंत्र के लिए प्रौद्योगिकी दिनांक 30/10/24 को मेसर्स शक्ति उद्योग, उत्तर प्रदेश को हस्तांतरित की गई।

- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - एनएएल के जलदोस्त (खरपतवार समाशोधन प्रणाली) के लिए प्रौद्योगिकी दिनांक 20/11/24 को मेसर्स श्रीवारी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित की गई।

- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - एईएम वाटर इलेक्ट्रोलाइजर परीक्षण केंद्र की प्रौद्योगिकी हाइड्रोजेन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित की गई।

- सीएसआईआर-एनआईआईएसटी
    - जैवम- एरोबिक कम्पोस्टिंग के लिए जीवाण्विक कंशोर्शियम की प्रौद्योगिकी मेसर्स अगसो एग्रोसोल्जर प्राइवेट लिमिटेड, अलप्पुझा को हस्तांतरित की गई।

- सीएसआईआर-एनएमएल
    - अपशिष्ट मुद्रित सर्किट बोर्डों से धातु/लवण के रूप में Cu, Al और Au के निष्कर्षण हेतु प्रौद्योगिकी दिनांक 21/11/24 को मेसर्स नोवेसेंसा प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली को हस्तांतरित कर दी गई।

- सीएसआईआर-एसईआरसी
    - लेस्ड स्टील-कंक्रीट कम्पोजिट सिस्टम (एलएससीसी) की प्रौद्योगिकी दिनांक 28/11/24 को मेसर्स मॉडर्न प्रीफैब सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली को हस्तांतरित की गई।

शुरू की गई नई परियोजनाओं की संख्या **(01/11/24-30/11/24)**

| प्रयोगशाला/संस्थान | सीएसआईआर | मंत्रालय/सरकार/ पीएसयू | उद्योग/प्रायोजित/ निजी |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर-4पीआई | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीसीएमबी | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | शून्य | 03 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीईसीआरआई | शून्य | 01 | 04 |
| सीएसआईआर-सीईईआरआई | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | शून्य | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-सीजीसीआरआई | शून्य | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर- सीआईएमएफआर | 16 | 03 | 13 |
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | शून्य | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर-सीएमईआरआई | शून्य | 03 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीआरआरआई | शून्य | 02 | 02 |
| सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-आईएचबीटी | शून्य | 01 | 01 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | शून्य | 01 | 03 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर-आईआईपी | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईटीआर | शून्य | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर-आईएमएमटी | शून्य | 03 | 04 |
| सीएसआईआर-एनएएल | शून्य | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर-एनईईआरआई | शून्य | 05 | 03 |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | 01 | 01 | 03 |
| सीएसआईआर-एनआईओ | शून्य | 23 | 28 |
| सीएसआईआर-एसईआरसी | शून्य | 03 | 06 |

शामिल/पूर्ण करने वाले पीएचडी स्कॉलरों की संख्या **(01/11/24-30/11/24)**

| प्रयोगशाला/संस्थान | ज्वॉइन करने वालों की संख्या | पूर्ण करने वालों की संख्या |
|---|---|---|
| सीएसआईआर-4पीआई | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-सीसीएमबी | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | शून्य | 05 |
| सीएसआईआर-सीईसीआरआई | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर-सीजीसीआरआई | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-सीएमईआरआई | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर-आईजीआईबी | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-आईएचबीटी | शून्य | 04 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 01 | 01 |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | शून्य | 09 |
| सीएसआईआर-आईआईपी | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर-आईआईटीआर | शून्य | 07 |
| सीएसआईआर-आईएमएमटी | 04 | 02 |
| सीएसआईआर-एनईईआरआई | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-एनजीआरआई | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-एनआईओ | 02 | 02 |
| सीएसआईआर-एनआईससीपीआर | शून्य | 04 |

**हस्ताक्षरित राष्ट्रीय सहयोग/समझौते/समझौता ज्ञापन**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए
    - दिनांक 05/11/24 को मेसर्स कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल (सीआईडीसी), दिल्ली, भारत के साथ।
    - दिनांक 06/11/24 को शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी अन्योन्यक्रिया हेतु मेसर्स एस.एन.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च सेंटर, महाराष्ट्र के साथ।
    - आपदा-रोधी आवासीय अवसंरचना और ज्ञान साझाकरण के लिए मेसर्स बाल रक्षा भारत के साथ।
- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए
    - पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल स्वास्थ्य विज्ञान और आयुष विश्वविद्यालय (डीडीयूएमएचएस और एयू) रायपुर, छत्तीसगढ़ के साथ मिलकर काम करने के लिए।
    - चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई) रायपुर, छत्तीसगढ़ के साथ मिलकर काम करने के लिए।
- **सीएसआईआर-सीईईआरआई**
  - दिनांक 26/12/24 को संस्थागत सहयोग के लिए राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - दिनांक 12/11/24 को सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास, शैक्षणिक गतिविधियों और मानव संसाधन विकास के लिए गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड लेदर टेक्नॉलजी (जीसीईएलटी), कोलकाता के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - नमक उत्पादन के लिए सौर नमक कारखाना के विकास हेतु खंभात, जिला आनंद में मेसर्स ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - दिनांक 19/11/24 को उन्नत संश्लिष्ट कार्बनिक रसायन संबंधी कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु मेसर्स ऑरिजिन फार्मास्युटिकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**

- डॉर्फ केटल सलसेफ प्रौद्योगिकी का उपयोग करके एसएएफ उत्प्रेरक और एसएएफ उत्प्रेरक सल्फाइडेशन पथ के विनिर्माण के लिए ड्रोफ्ट-केटल केमिकल्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए
    - दिनांक 04/11/24 को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान हेतु विग्नन फाउंडेशन (वीएफएसटीआर), आंध्र प्रदेश द्वारा सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - दिनांक 04/11/24 को शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग के लिए एमिटी विश्वविद्यालय, लखनऊ के साथ
    - दिनांक 04/11/24 को सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए सरस्वती डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (एसडीसी एंड एच) लखनऊ के साथ।
    - दिनांक 27/11/24 सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) जालंधर के साथ।
- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
  - दिनांक 19/11/24 को शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए एक्सआईएम विश्वविद्यालय और ट्राइडेंट इंस्टीट्यूशंस (भुवनेश्वर) के साथ।
- **सीएसआईआर-एनईईआरआई**
  - हैदराबाद शहर की 11 झीलों के लिए जल और तलछट की गुणवत्ता का आकलन और उपचार योजना तैयार करने के लिए ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के साथ करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - गतिज ऊर्जा संलवन और स्व-चालित टायर स्थिति निगरानी अनुप्रयोगों के लिए नॉन-जनरेटर एकीकृत स्मार्ट टायर पर प्रायोजित अनुसंधान के लिए मेसर्स एमआरएफ लिमिटेड, चेन्नई के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए।
  - बेपोर बंदरगाह की पूंजी ड्रेजिंग और ड्रेजिंग सामग्री के निपटान हेतु पर्यावरणीय प्रभाव के आकलन का अध्ययन करने हेतु केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी), तिरुवनंतपुरम के साथ समझौता ज्ञापन।

हस्ताक्षरित अंतर्राष्ट्रीय सहयोग/एग्रीमेन्ट/समझौता ज्ञापन

- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
  - दिनांक 11/11/24 को दक्षिण एशियाई लोगों में आणविक पूर्वानुमान और टाइप 2 मधुमेह फेनोटाइप पर सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए एमोरी विश्वविद्यालय, यूएसए के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**पेटेंट अपडेट**

| **फाइल किए गए पेटेंट** | | | **ग्रानटेड पेटेंट** | | | **पेटेंट अभियोजन** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* (अद्वितीय पेटेंट आवेदन) | विदेश* (अद्वितीय पेटेंट आवेदन) * | भारत | विदेश* (अद्वितीय पेटेंट आवेदन) | विदेश (एकाधिक देश) * | भारत | विदेश* |
| 16 | 18 | 22 | 05 | 07 | 10 | 12 | 126 |
| फाइल किए गए कॉपीराइट आवेदनों की संख्या | | | | | 07 | | |
| फाइल किए गए ट्रेडमार्क आवेदनों की संख्या | | | | | 02 | | |

* नवंबर 2024 के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया डेटा और यह बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बदल सकता है। यदि संबंधित माह में इसके अनुरूप आवेदन फाइल/प्रदान किया गया है तो अद्वितीय फाइल किया गया/**ग्रानटेड** पेटेंट अगले माह में भी दिखाई दे सकता है।

**उच्च प्रभाव वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएं**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - 173 नमूनों को समाविष्ट करने वाले 142 फॅमिलीस के लिए आणविक नैदानिक सेवाएं प्रदान की गईं।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - आईआर (इन्फ्रारेड), मास, एनएमआर (न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस) और ईएम (इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) द्वारा नमूनों के विश्लेषण हेतु सेवा प्रदान की गई; इसके अंतर्गत 409 नमूनों का विश्लेषण किया गया।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
  - उच्च स्तरीय उपकरणों पर नमूना विश्लेषण: एचपीएलसी, एफटी-आईआर, एनएमआर, एचआरएमएस, एलसी-एमएस/एमएस, जीसी, जीसी-एमएस और जीसी-एमएस/एमएस, कुल विश्लेषित नमूने: 2413
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - इंडियन मेटल एंड फेरो अलॉयज लिमिटेड, ओडिशा के लिए 100 टीपीएच क्रशिंग और स्क्रीनिंग प्लांट का संरचनात्मक मूल्यांकन किया गया।
  - शहरी विकास और आवास विभाग, झारखंड, रांची सरकार के लिए आइ एम एस डब्लू डी एस संयंत्र के निर्माण, स्थापना और कमीशनिंग के लिए परामर्श सहायता के साथ डीपीआर तैयार किया गया।
  - एल एंड टी लिमिटेड, डेगौल एवेन्यू, खोइरासोल, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल के लिए एसटीयूडी (STUD) का मेटलर्जिकल विफलता विश्लेषण किया गया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**

- ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए उपचारात्मक उपाय प्रदान करने हेतु सेक्टर रिक्रिएशनल ग्रीन-V रोड (60 मीटर चौड़ी) की विफलता की जांच की गई।
  - पीडब्ल्यूडी, ओडिशा के लिए बंदरपाड़ा से मालीमुंडा स्टेडियम रोड जरसुगुड़ा ओडिशा तक खराब फुटपाथ के पुनर्वास उपायों के लिए अध्ययन किया गया।
  - एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, बिहार के लिए एनएच-106 के मौजूदा बिहपुर सेक्शन के किमी 106+000 से किमी 136+000 तक पुनर्वास और उन्नयन के लिए प्रबलित मृदा संरचना (आरएसएस) के डिजाइन और ड्रॉइंग  की समीक्षा की गई।
  - मेसर्स एफटीए एचएसआरपी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, गुजरात के लिए एचएसआरपी के सीओपी-44 का आकलन और मूल्यांकन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - एकीकृत पारिस्थितिकी विकास अनुसंधान कार्यक्रम, जीबीपीएनआईएचई, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के लिए परियोजनाओं और प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - शेल इंडिया मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड हेतु मोटरसाइकिलों के लिए तैयार किए गए नए इंजन लुब्रिकेन्ट्स का निष्पादन मूल्यांकन किया गया।
  - मेसर्स क्वेकर केमिकल्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड हेतु अग्नि प्रतिरोधक विशेषताओं के लिए "ऑटोसेफ 620 ईपी (HOUGHTOSAFE 620 EP)" नमूने का परीक्षण और मूल्यांकन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय, कानपुर देहात के लिए रक्त और सीरम नमूनों में धातु विश्लेषण किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - विकास और प्रसंस्करण लो थर्मल हिस्टैरिसीस एनआईटीआईएचएफ और एनआईटीआईएचएफसीयू हाई टेम्प्रेचर शेप मेमोरी वायर/आरओडी की अनुमति  - डीएफटीएम, डीआरडीओ।
  - जैव प्रेरित लचीले प्रणोदक में द्रव संरचना अंतःक्रिया विशेषताओं का अध्ययन और एआई का उपयोग करके इसका परफॉरमेंस आप्टमाइज़ेशन किया गया- अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - उद्योगों और शिक्षा जगत को सूक्ष्मजीवी उपभेदों और सूक्ष्मजीवी अभिनिर्धारण सम्बन्धी सेवाएं प्रदान की गईं।
- **सीएसआईआर-नीरी**

- विरासत स्थलों के लिए व्यापक (पर्यावरणीय, पारिस्थितिकीय, मानवजनित और अन्य) जोखिम मूल्यांकन डेटा और स्मार्ट विरासत प्रबंधन प्रणालियों का विकास किया गया।
- सिंगरौली, मध्य प्रदेश में महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा थर्मल पॉवर प्लांट के आसपास 10 किलोमीटर के अध्ययन क्षेत्र में व्यापक पर्यावरण प्रदूषण सूचकांक (सीईपीआई) का आकलन किया गया।

- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड के लिए U1 बॉयलर SH ट्यूब विफलता के मूल कारण का पता लगाने हेतु मेटलर्जिकल जांच की गई।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - लार्सन एंड टुब्रो (रक्षा), तालेगांव, पुणे के लिए एल्यूमीनियम सैन्य ब्रिजिंग सिस्टम में रेज़ीडुअल स्ट्रेस मेजरमेंट किया गया।
  - मेसर्स लेविएट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे के लिए फुल ग्राउट कपलर पर साकिलिक टेंशन और कम्प्रेशन टेस्ट किए गए।

**आउटरीच गतिविधियाँ**

- **सीएसआईआर-4पीआई**
  - दिनांक 05/11/24 को न्यू होराइजन इंजीनियरिंग कॉलेज, बेंगलुरु के लिए प्रयोगशाला भ्रमण आयोजित किया गया; इसमें 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 27/11/24 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, व्हाइटफील्ड के लिए वैज्ञानिक-छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 05/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 25/11/24 को जनजातीय गौरव दिवस समारोह के अवसर पर केपीएस नरसापुरा, कोलार के लिए प्रयोगशाला भ्रमण आयोजित किया गया; इसमें 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, पंजाब लाइन्स, मेरठ के लिए वैज्ञानिक-छात्र संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 372 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 15-26/11/24 के दौरान जनजातीय गौरव दिवस समारोह के अवसर पर शेफफील्ड स्कूल, पिरान कलियर और राजकीय माध्यमिक विद्यालय, मुजफ्फरनगर के लिए प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया ; इसमें 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - दिनांक 04-07/11/24 और 18-22/11/24 के दौरान क्रमशः प्रजातियों के माध्यम से मांसपेशियों से रोगों के उपचार और प्रोटीन-डीएनए/द्विआणविक अंतःक्रियाओं के लिए उन्नत जैवभौतिकी

उपकरणों पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए; इसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- दिनांक 19/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - निम्नांकित के लिए वैज्ञानिक-छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए:
    - दिनांक 13/11/24 और दिनांक 14/11/24 के दौरान कॉलेज के छात्रों के लिए; इसमें क्रमशः 220 और 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 25/11/24 और दिनांक 27/11/24 को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, भिनगा, श्रावसती (यूपी) और हिमायन इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, बख्शी का तालाब, लखनऊ (यूपी) के छात्रों के लिए; इसमें क्रमशः 59 और 58 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - दिनांक 18-22/11/24 के दौरान बीपीसीएल इंजीनियरों [पाइपलाइन और विमानन] के लिए क्रॉस कंट्री पाइपलाइन-कैथोडिक संरक्षण और सर्वेक्षण विधियों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया ; इसमें 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 09/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
  - निम्नांकित पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए :
    - इलेक्ट्रोकेमिकल पॉवर सिस्टम: लेड-एसिड बैटरी - दिनांक 04-08/11/24 के दौरान देखभाल और रखरखाव पर; इसमें 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 18-22/11/24 के दौरान माइक्रोकंट्रोलर्स द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर; इसमें 38 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीरी**
  - दिनांक 25/11/24-20/12/24 के दौरान सीएसआईआर (सामान्य/एफ एंड ए/एस एंड पी) के सहायक अनुभाग अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।
  - नवंबर 2024 में पीएम श्री केवी चुरू, केवी पालुवास, केवी सिरसा राजस्थान और बेनेट विश्वविद्यालय, नोएडा के लिए प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया; इसमें 530 प्रतिभागियों प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - दिनांक 06/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - निम्नांकित पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए :

        - दिनांक 08/11/24 और 25-26/11/24 को सिरेमिक मेम्ब्रेन और जल प्रौद्योगिकी पर; इसमें क्रमशः 25 और 26 प्रतिभागियों ने प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
        - दिनांक 13-14/11/24 के दौरान टेराकोटा प्रसंस्करण पर; इसमें 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
    - दिनांक 06/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 144 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
    - निम्नांकित पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए-
        - दिनांक 12-14/11/24 और 13/11/24 के दौरान बिहार के रोहतास जिले और अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट के लिए उपयुक्त एमएपी की खेती, प्रसंस्करण और विपणन पर; इसमें क्रमशः 40 और 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 06/11/24 को अगरबत्ती बनाने के लिए पूजा हेतु भेंट किए गए फूलों के उपयोग पर; इसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 26-28/11/24 के दौरान सुगंधित फसलों के आसवन के विशेष संदर्भ में खेती सम्बन्धी उन्नत पद्धतियों पर; इसमें 175 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
    - दिनांक 12-14/11/24 के दौरान आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान की मांगों को पूरा करने के लिए आधारभूत कौशल पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए; इसमें 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 11/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 162 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - दिनांक 18/11/24 को श्री गोविंदराज स्वामी कला महाविद्यालय तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम, आंध्र प्रदेश के लिए प्रयोगशाला भ्रमण आयोजित किया गया; इसमें 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - निम्नांकित पर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए-
        - दिनांक 14/11/24 को आईआईएसएफ 2024 का पूर्वावलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 82 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 12/11/24 एवं 11/11/24 को सौर ऊर्जा एवं अनुप्रयोग पर; इसमें 130 एवं 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - निम्नांकित पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए-
        - दिनांक 18/11/24-03/12/24 के दौरान सड़क सुरक्षा ऑडिट और अन्य सड़क सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर; इसमें 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 18/11/24 को डिप्लोमा (कम्प्यूटर विज्ञान) पर; इसमें 72 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
    - दिनांक 27/11/24 को केवी फतेहगढ़ साहिब के लिए प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया ; इसमें 191 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
    - दिनांक 18/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 140 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - आईआईएसएफ 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - निम्नांकित के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए :
        - दिनांक 26/11/24 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर; इसमें 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 27-28/11/24 के दौरान प्रधानमंत्री श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरेली के लिए।
- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
    - जीनॉमिक्स और आणविक प्रौद्योगिकियों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया; इसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - दिनांक 08/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - निम्नांकित के लिए प्रयोगशाला भ्रमण आयोजित किया गया-
        - दिनांक 19-21/11/24 के दौरान एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पपरोला, गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पपरोला, बैजनाथ और अवेरी के लिए; इसमें 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 14/11/24 और 22/11/24 को कुटलैहड़ पब्लिक स्कूल, बल्ह, जिला ऊना (हिमाचल प्रदेश) और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धलूण, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) के लिए; इसमें क्रमशः 53 और 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 07/11/24 को जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय (जम्मू और कश्मीर) के लिए; इसमें 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 18/11/24 को सरस्वती आयुर्वेद अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज, मोहाली के लिए; इसमें 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 21/11/24 को एसएलएन एग्रोस एसोसिएशन, मुंबई, महाराष्ट्र के लिए।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - दिनांक 12/11/24 को ओडब्ल्यूओटी कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - निम्नांकित के लिए प्रयोगशाला भ्रमण आयोजित किए गए-

        - दिनांक 05/11/24 को तेलंगाना मॉडल एवं जूनियर कॉलेज, नेडनूर के लिए; इसमें 700 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 25/11/24 को सेंट जोसेफ, जूनियर कॉलेज, लालबाजार के लिए; इसमें 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - निम्नलिखित के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए :
        - दिनांक 11-16/11/24 के दौरान जीएसबीटीएम, गुजरात में एनीमल सेल कल्चर तकनीक पर कार्यशाला आयोजित की गई; इसमें 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 12/11/24 को तेल, लिपिड विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तेल और वसा के पारंपरिक, क्रोमैटोग्राफिक और स्पेक्ट्रल विश्लेषण पर; इसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - दिनांक 08/11/24 को सेंट कबीर अकादमी के साथ रोड शो का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 08/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 19/11/24 को राजकीय इंटर कॉलेज भगद्वारीखाल, देहरादून के लिए प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया ; इसमें 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
    - दिनांक 05/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
    - दिनांक 19/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 21-22/11/24 स्किल कॉर्डिनेटर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
    - दिनांक 09/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 29/11/24-02/12/24 के दौरान एमजीएम कॉलेज, उडुपी में ड्रोन प्रदर्शन किया गया।
- **सीएसआईआर-नीरी**
    - दिनांक 12-14/11/24 और 19/11/24 के दौरान क्रमशः 'शहरी वायु गुणवत्ता प्रबंधन और नियंत्रण रणनीति' तथा 'जल संसाधनों के जैविक और सूक्ष्मजीवविज्ञानी विश्लेषण' पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - नवम्बर माह में हर्बल औषधि विकास पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- दिनांक 05/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-एनआईओ**
  - दिनांक 27/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - दिनांक 11/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - दिनांक 13-14/11/24 के दौरान सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विल्लीसेरी और सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्काराकुडी, तूतीकोरिन जिले के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए ; इसमें 277 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 07/11/24 को आईआईएसएफ 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**सम्मेलन, कार्यशालाएं, प्रमुख कार्यक्रम**

- **सीएसआईआर मुख्यालय**
  - दिनांक 30/11/24-03/12/24 के दौरान सीएसआईआर ने अपने संस्थानों के साथ आईआईटी, गुवाहाटी में आयोजित होने वाले आईआईएसएफ 2024 में भाग लिया।
- **सीएसआईआर-4पीआई**
  - बैंगलोर टेक समिट 2024 में भाग लिया।
  - बेंगलुरु में आयोजित होने वाले कृषि मेला 2024 में भाग लिया।
  - दिनांक 28/10/24-03/11/24 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 मनाया गया।
  - दिनांक 11/11/24 को 83वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया।
  - दिनांक 07/11/24 को "वन वीक वन थीम" (ओडब्ल्यओटी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - दिनांक 27/11/24 को इंडियाज़ हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में 'टुवर्ड्स डेवलपिंग अ नेशनल प्लान फॉर क्लाइमेट चेंज इम्पेक्ट्स ऑन एवालान्चेज़, जीएलओएफ एंड लैन्डस्लाइड्स' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 26/11/24 को क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के प्रोफेसर एल्दाद अविटल द्वारा 'रूम फ्लूइड डायनेमिक्स, एयरबॉर्न डिजीज ट्रांसमिशन, रिस्क एंड मिटिगेशन' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 20-22/11/24 के दौरान 'मॉडलिंग रॉक-आइस एवलांच, रॉक फॉल्स एंड डेबरिस फ्लोज़' पर इंडो-स्विस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
    - दिनांक 26/11/24 को 37वां स्थापना दिवस मनाया गया।
    - निम्नांकित पर कार्यशाला का आयोजन किया गया-
        - दिनांक 04-07/11/24 के दौरान मसलिंग थ्रू स्पिशीज़ टू ट्रीटिंग डिज़ीज़ेज़ ।
        - दिनांक 11-21/11/24 के दौरान लैबोरेटरी लीडरशिप फॉर ग्रुप लीडर्स ।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - दिनांक 03-08/11/24 के दौरान प्रैक्टिकल ऐस्पेक्ट्स ऑफ ड्रग डिस्कवरी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
    - निम्नांकित पर कॉन्क्लेव आयोजित की गई-
        - दिनांक 13-14/11/24 के दौरान 'इंडियाज़ आरएंडडी प्रायॉरिटीज़ फॉर अफोर्डेबल हेल्थकेयर' ।
        - दिनांक 23/11/24 को गुड मैन्यूफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज़: ऑपचर्युनिटीज़ एंड चैलेंजेज़ ।
- **सीएसआईआर-सीरी**
    - दिनांक 18-20/11/24 के दौरान वैक्यूम इलेक्ट्रॉन उपकरणों और अनुप्रयोगों में उभरते रुझानों पर सम्मेलन वेदा (VEDA) 2024 का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
    - दिनांक 11/11/24 को ओडब्ल्यूओटी - कृषि, पोषण और बायोटेक कार्यक्रम और लीवर कैंसर में आहार फाइबर व गट माइक्रोबायोटा डिस्बिओसिस पर चर्चा का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
    - दिनांक 15-20/11/24 के दौरान गोमती नगर, लखनऊ में जनजाति भागीदारी उत्सव में भाग लिया।
    - दिनांक 15-18/11/24 के दौरान लखनऊ में कृषि भारत एक्सपो में भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
    - दिनांक 17/11/24 को 78 वां स्थापना दिवस मनाया गया।
    - दिनांक 14/11/24 को सतर्कता जागरूकता अभियान, 2024 का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - दिनांक 22/11/24 को लघु उद्योग भारती (एलयूबी) टीम के लिए सीएसआईआर प्रौद्योगिकी शोकेस का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 06-07/11/24 के दौरान एलईआरआईजी (LERIG) कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - प्रोफेसर कौशिक घोष, वैज्ञानिक-एफ, नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, मोहाली द्वारा दिनांक दिनांक 19/11/24 को व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**

- दिनांक 08/11/24 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में इंडियन रोड्स कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन की प्रदर्शनी में भाग लिया।
- दिनांक 15-26/11/24 के दौरान "चौथा जनजातीय गौरव दिवस (जेजेजीडी)-2024" मनाया गया।

- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - दिनांक 14/11/24 को सतर्कता जागरूकता अभियान, 2024 का आयोजन किया गया ।
  - दिनांक 28/11/24 को "चौथा जनजातीय गौरव दिवस (जेजेजीडी)-2024" मनाया गया।
- **सीएसआईआर-एचआरडीसी**
  - दिनांक 11-12/11/24 को सीएसआईआर भंडार एवं क्रय संवर्ग के अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलन 2024 का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 21-22/11/24 को सीएसआईआर कौशल समन्वयकों का सम्मेलन एवं भावी कौशल पर विचार-मंथन आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - ओडब्ल्यूओटी- कृषि, पोषण और बायोटेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 197 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 28/11/24 को "चौथा जनजातीय गौरव दिवस (जेजेजीडी)-2024" मनाया गया।
  - दिनांक 11/11/24 को 'कल्चर ऑफ इंटेग्रिटी फॉर नेशन्स प्रॉस्पैरिटी' विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया ।
  - दिनांक 21-22/11/24 के दौरान एनआईटी, हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) में 'मॉलिक्यूल्स टू मट्रियल्स: केमेस्ट्री फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर' पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - नवंबर, 2024 में ओडब्ल्यूओटी – हेल्थकेयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया
  - दिनांक 22 और 26/11/24 को 'जनजातीय गौरव दिवस (जेजेजीडी)-2024' मनाया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - वीएमएसबी उत्तराखंड में 5वें देहरादून अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव (डीआईएसटीएफ-2024) में भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - रिस्क एनालिसिस एंड टांसलेशनल ऐस्पेक्ट्स ऑफ हेल्थ एंड एन्वायरमेंट के उभरते दृष्टिकोण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (अर्थ-2024) का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
  - दिनांक 13-14/11/24 के दौरान सीआरटीडीएच कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 19-21/11/24 के दौरान बेंगलुरु पैलेस, बेंगलुरु में बेंगलुरु टेक समिट 2024 में भाग लिया।
  - दिनांक 28/11/24 को राष्ट्रीय कन्नड़ विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**

- दिनांक 21-23/11/24 के दौरान जैविक अनुसंधान को डिकोड करने के लिए एकीकृत ओमिक्स दृष्टिकोण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - सीएसआईआरओ, ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक डॉ. इग्नासियो गोंगालेज़ द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
  - दिनांक 22/11/24 को हैदराबाद विश्वविद्यालय के भौतिकी के पूर्व प्रोफेसर और सम-कुलपति डॉ. विपिन श्रीवास्तव द्वारा वर्ष 2024 के फिज़िक्स नोबेल प्राइज़ के अंतर्गत द हिडेन फिज़िक्स एंड न्यूरोसाइकॉलजी पर वार्ता का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - सतर्कता जागरूकता अभियान, 2024 का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईओ**
  - दिनांक 10-14/11/24 के दौरान 9वें अंतर्राष्ट्रीय एसओएलएएस (सर्फेस ओशन – लोअर एटमॉस्फियर स्टडी) ओपन साइंस कॉन्फ्रेंस (ओएससी) का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - दिनांक 26/11/24 को प्लेटिनम जुबली स्थापना दिवस मनाया गया।

**उच्चस्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर-4पीआई**
  - डॉ. वी.के. सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग, नई दिल्ली।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - दिनांक 13/11/24 को ओडब्ल्यूओटी कार्यक्रम में श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश, मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - दिनांक 09/11/24 को श्री एस. कृष्णन, आईएएस, सचिव, मीटीई, भारत सरकार ने आईआईएसएफ-2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - दिनांक 11/11/24 को माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्रीय मंत्री डॉ.जितेन्द्र सिंह ने दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - दिनांक 19/11/24 को प्रोफेसर ताकाहिरो मारुयामा, मीजो विश्वविद्यालय, जापान व्याख्यान प्रस्तुत प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किए गए।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - दिनांक 21/11/24 को माननीय श्री भुवनेश्वर कलिता, संसद सदस्य, राज्य सभा ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन पर संसदीय स्थायी समिति के साथ मुलाकात की।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**

- दिनांक 06/11/24 को सुश्री निवेदिता शुक्ला वर्मा, आईएएस, सचिव, भारत सरकार, रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने दौरा किया।

- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए दिनांक 25/11/24 को फ्रांस और भारत के टोटल एनर्जीज आरएंडडी सेंटर से ट्राइबोलॉजी विशेषज्ञों सुश्री एलीट पिनेल, श्री पेड्रो मार्टिंस फेरेरा, सुश्री वृषाली और श्री भूपेंद्र ने दौरा किया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - दिनांक 27/11/24 को माननीय संसद सदस्य - राज्य सभा डॉ. अशोक के. मित्तल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अर्थ -2024 के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 08/11/24 को अध्यक्ष इसरो और आरसी अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ और महानिदेशक-एरो डॉ. के राजलक्ष्मी मेनन ने दौरा किया ।
  - दिनांक 12/11/24 को एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, कमांडेंट, स्कूल ऑफ आर्टिलरी लेफ्टिनेंट जनरल नवनीत सिंह सरना ने दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - महत्वपूर्ण खनिजों पर चल रहे भारत-ब्रिटिश सहयोग और भविष्य के अनुसंधान पर चर्चा करने हेतु दिनांक 27/11/24 को ब्रिटिश उप उच्चायोग, हैदराबाद की प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सलाहकार सुश्री ब्रह्मदत्त माया रघुराजन ने हैदराबाद का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - असम सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन सचिव, माननीय श्रीमती लय मद्दुर मद्दुर आईएएस ने नव निर्मित शोकेस और प्रमुख अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का दौरा किया। किया।

**सम्मान/पुरस्कार**

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - सीएसआईआर-सीडीआरआई ने एसटीईएम 2024 में महिलाओं के लिए उत्कृष्टता पर सीआईआई पुरस्कार प्राप्त किया ।
  - डीएचआर-आईसीएमआर हेल्थ रिसर्च ऐक्सीलेंस समिट 2024 में सर्वश्रेष्ठ एक्ट्राम्यूलर इंस्टिट्यूट के अंतर्गत अनुसंधान उत्कृष्टता सम्बन्धी मान्यता प्राप्त हुई।
  - वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आमिर नजीर को इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोसाइंसेज के फेलो के रूप में सम्मानित किया गया।
  - डॉ. माधव एन मुगले को अमेरिकन बोर्ड ऑफ टॉक्सिकोलॉजी (डीएबीटी-2024) के डिप्लोमेट के रूप में घोषित किया गया।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - रायपुर आईआरसी वार्षिक सत्र 2024 में इंडियन रोड्स कांग्रेस "पैवमेन्ट इंजीनियरिंग पर सर्वश्रेष्ठ पेपर के लिए प्रो. बी बी पांडे मेमोरियल पुरस्कार" डॉ. पंकज गोयल और डॉ. राकेश कुमार को प्रदान किया गया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - प्रधान वैज्ञानिक डॉ. धरम सिंह को वर्ष 2024 के लिए सोसाइटी ऑफ केमिकल एंड सिंथेटिक बायोलॉजी द्वारा अगथियार केमिकल बायोलॉजी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
  - वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. भव्य भार्गव को सजावटी बागवानी अनुसंधान एवं विकास तथा शिक्षा पर उनके कार्य के लिए इंडियन सोसाइटी ऑफ ऑर्नामेंटल हॉर्टीकल्चर द्वारा "फेलो ऑफ द सोसाइटी पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार सुमन को 65वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और कॉन्क्लेव 2024 में सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार मिला।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - सीएसआईआर-एनएएल को एसटीईएम 2024 में महिलाओं के लिए उत्कृष्टता पर सीआईआई पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - एमएसटीडी के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ई. भोजे गौड़ को 13वें पॉलिमर फाउंडेशन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।
  - डॉ. सी. आनंदधर्मकृष्णन को न्यूयॉर्क एकेडमी ऑफ साइंसेज और टाटा संस द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित टाटा ट्रांसफॉर्मेशन पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - डॉ. बिरज कुमार साहू, वरिष्ठ वैज्ञानिक को यंग मेटालर्जिस्ट अवार्ड (मेटल साइंस), 2023 प्राप्त हुआ।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - डॉ. के. लक्ष्मी, प्रधान वैज्ञानिक को द इंडियन एसोसिएशन ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स द्वारा "आउटस्टैंडिंग वुमेन स्ट्रक्चरल इंजीनियर 2023" से सम्मानित किया गया।
  - सीएसआईआर-एसईआरसी को एसटीईएम (स्टेम) 2024 में महिलाओं के लिए उत्कृष्टता पर सीआईआई पुरस्कार प्राप्त हुआ।

<u>विभागीय गतिविधियाँ</u>

डीएसआईआर कॉर्पोरेट कंपनियों, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (एसआईआरओ) द्वारा स्थापित स्थापित इन-हाउस आरएंडडी इकाइयों को मान्यता देने और अस्पतालों के अलावा विश्वविद्यालयों, आईआईटी,

आईआईएससी, क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज (आरईसी) जैसे सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों को पंजीकरण देने के लिए नोडल विभाग है। डीएसआईआर द्वारा मान्यता प्राप्त आरएंडडी इकाइयां उद्योग द्वारा आरएंडडी व्यय पर सीमा शुल्क और भारित कर कटौती के लिए पात्र हैं।

<u>औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम (आईआरडीपीपी)</u>

**उद्योग में इन-हाउस आरएंडडी की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण**

- उद्योगों की 18 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता प्रदान की गई तथा 18 को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए ।
- उद्योगों की 54 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता का नवीकरण प्रदान किया गया तथा तथा 54 को पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण प्रदान किया गया।

**वैज्ञानिक और औद्योगिक संगठन (एसआईआरओ)**

- *7* एसआईआरओ को मान्यता प्रदान की गई तथा 3 को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया ।

**सार्वजनिक वित्तपोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआई)**

- 5 पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए ।
- *7* पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण प्रदान किया गया ।

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं (**i**) व्यक्तियों, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई (प्रिज़म) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को नवीन विचारों को प्रदर्शन योग्य कार्यशील मॉडल/प्रोटोटाइप/प्रक्रियाओं में परिवर्तित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जो नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं या सेवाओं का रूप ले सकते हैं; और उन्हें इनक्यूबेटी /टेक्नो-उद्यमी बनने में सहायता प्रदान की जाएगी, (**ii**) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पीएसीई), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (**iii**) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और सामान्य अनुसंधान सुविधाएं (बर्ड) का निर्माण, जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों (सीआरटीडीएच) के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (**iv**) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान (ए2के+) जिसमें औद्योगिक अनुसंधान के उभरते क्षेत्रों में अध्ययन और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, इसके अलावा महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शामिल हैं।

**व्यक्तियों, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में नवाचारों को बढ़ावा देना (प्रिज्म)**

इस अवधि के दौरान दो नई नवाचार परियोजनाओं "आईशिफ्ट: इंट्यूटिव यूज़र इंटरफेस के साथ नेत्र देखभाल और पोसचर कंट्रोल डिवाइस" और " ड्रोन प्रॉपलशन में बढ़ी हुई सुरक्षा और उन्नत क्षमता के लिए हाइब्रिड पावरट्रेन सिस्टम का विकास" को मंजूरी दी गई।

**पेस कार्यक्रम:**

विभाग ने स्वीकृत नई पेस परियोजनाओं के लिए 20.11.2024 को दो करारों/समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए:

- मेसर्स देवाशीष पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड (डीपीपीएल), मुंबई के लिए "एलपीजी और संबद्ध उद्योग में में उपयोग के लिए उच्च प्रदर्शन सिंथेटिक इलास्टोमेरिक यौगिकों का विकास" परियोजना। इस परियोजना का उद्देश्य कम्पाउंडेड इलास्टोमर्स विकसित करना और इस परियोजना के तहत विविध अनुप्रयोगों के लिए उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करना है।
- मेसर्स जीपीएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर ने महाराष्ट्र एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस (एमएसीएस) - अगरकर रिसर्च इंस्टीट्यूट (एआरआई), पुणे के साथ मिलकर "कृषि अवशेषों पर अनलॉकिंग सस्टेनेबल एनर्जी: स्केलिंग अप एंड पायलट ट्रायल ऑफ एन्हांस्ड माइक्रोबियल मीथेन प्रोडक्शन फ्रॉम एनेरोबिक फंगस का उपयोग" । इस परियोजना का उद्देश्य एनारोबिक फंगस का उपयोग करके कृषि अवशेषों से एन्हांस्ड माइक्रोबियल मीथेन उत्पादन के लिए पायलट परीक्षणों को बढ़ाना और संचालित करना है।

**सीआरटीडीएच कार्यक्रम:**

13 और 14 नवंबर, 2024 को सीएसआईआर-खनिज एवं सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-(सीएसआईआर-आईएमएमटी), भुवनेश्वर में दो दिवसीय डीएसआईआर-सीआरटीडीएच कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया जिसमें समर्थित सीआरटीडीएच ने भाग लिया और अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। उद्घाटन सत्र मुख्य अतिथि, सचिव, डीएसआईआर और महानिदेशक, सीएसआईआर द्वारा लाइव वीडियो संबोधन संबोधन के साथ आगे बढ़ा। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

**ए2के+ अध्ययन:**

- हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उत्सर्जन और अनुमोदन मानदंडों पर भारतीय ऑटोमोटिव मानकों की वर्तमान स्थिति और शुद्ध शून्य उत्सर्जन का अनुपालन करने वाले भविष्य के ऑटोमोटिव मानकों मानकों के लिए सुझावों पर एक नया अध्ययन आईआईटी, मंडी को सौंपा गया है।

**ए2के+ इवेंट:**

विभाग ने निम्नलिखित दो कार्यक्रमों का समर्थन किया:

- हरित ऊर्जा और कंप्यूटिंग में प्रगति और प्रमुख चुनौतियों पर आईईईई दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (AKGEC2024), इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग, अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद द्वारा 21 से 23 नवंबर, 2024 तक आयोजित किया गया ।

- 23 से 25 नवंबर तक जेएनयू नई दिल्ली के कन्वेंशन सेंटर में स्थिरता के लिए जैव प्रौद्योगिकी में नवाचार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया ।

**महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम – टीडीयूपीडब्ल्यू / ए2के+:**

हिमालयी पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन, देहरादून को सौंपी गई "हिमालयी समुदाय के लिए प्रगतिशील प्रौद्योगिकियों और क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण" नामक टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजना की 29.11.2024 29.11.2024 को समीक्षा की गई। देहरादून घाटी और आस-पास के गाँवों में लगभग 1213 महिलाओं और 10 एसएचजी को धूप अगरबती, हर्बल गुलाल और हल्दी कैप्सूल (सीमाईप और एनबीआरआई के सहयोग से) के प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया गया है। कुल 31 महिलाओं ने 36,000 रुपये से लेकर 1.2 लाख रुपये सालाना की आय के साथ अपना उद्यम शुरू किया है। परियोजना के तहत चकराता के चिबो गाँव में एक तेल तेल आसवन संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

नवंबर माह के दौरान लगभग 190 महिला लाभार्थियों को डीएसआईआर के आईआरडी कार्यक्रम की टीडीयूपीडब्ल्यू/ए2के+ उप -योजना के तहत समर्थित विभिन्न चालू परियोजनाओं के अंतर्गत रेशम उत्पादन, जलीय कृषि, खाद्य सुदृढ़ीकरण और प्रसंस्करण, खाने के लिए तैयार भोजन की तैयारी और पैकेजिंग, कागज रीसाइक्लिंग, हस्तशिल्प/हथकरघा, कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया गया।

**एशियाई एवं प्रशांत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र (एपीसीटीटी):**

- 26 *नवंबर,* 2024 को ईरानी विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान संगठन (आईआरओएसटी) और एपीसीटीटी द्वारा संयुक्त रूप से *क्लाइमेट रेसिलिएन्ट इन्फ्रआस्ट्रक्चर के लिए टेक्नोलॉजीज पर इंटरनेशनल कॉनफेरेंस* आयोजित *की गई* । सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार रामनचारला ने डीएसआईआर *नॉमिनी* के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और 'इमारतों में *अर्बन रिज़िल्यन्स* बढ़ाने के लिए *टेक्नोलॉजीज* पर एक व्याख्यान दिया ।

- एपीसीटीटी की गवर्निंग काउंसिल (जीसी) का 20वां सत्र 27-28 नवंबर, 2024 को आयोजित किया गया। एपीसीटीटी ने दिसंबर 2023 से नवंबर 2024 तक की अवधि के दौरान की गई गतिविधियों और 2025 के लिए प्रस्तावित कार्य प्रस्तुत किए। गवर्निंग काउंसिल की बैठक के दौरान डीएसआईआर ने देश का वक्तव्य प्रस्तुत किया। वर्ष 2025 के दौरान प्रौद्योगिकी नवाचार कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन आयोजन करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे एपीसीटीटी और डीएसआईआर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा ।

**<u>सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम</u>**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल, डीएसआईआर के तहत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक रूप से दोहन करना है। सीईएल ने ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से कई उत्पाद विकसित किए हैं और सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों, रेलवे के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर जोर देना जारी रखा है।

- कंपनी ने माह के दौरान 2857.77 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटक/प्रणालियां/एसपीवी उत्पाद निर्मित किए।
- माह के दौरान 3272.50 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटकों/प्रणालियों/एसपीवी उत्पादों की बिक्री हुई ।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

निगम ने अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा उद्योग के साथ दीर्घकालिक संबंधों को विकसित विकसित करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और मजबूत बनाने पर जोर देना जारी रखा।

- निगम ने व्यावसायीकरण के लिए निम्नलिखित प्रौद्योगिकियों को लाइसेंस दिया है:
    - कम्प्यूटरीकृत ज़री परीक्षण हेतु प्रोटोकॉल का विकास एवं सत्यापन - टाइटन इंडस्ट्रीज
    - पोटेशियम ह्यूमेट - ईआईडी पैरी इंडिया लिमिटेड
    - वेव पावर्ड नेविगेशनल बॉय - केटीपी एनर्जी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
    - रोशिनी - केटीपी एनर्जी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

- निगम ने प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग और आईपीआर सहायता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए:
    - मेसर्स ट्रैक पैक
    - चंडीगढ़ विश्वविद्यालय
    - बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राउरकेला, ओडिशा

- एनआरडीसी ने हैदराबाद स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के साथ मिलकर आंध्र प्रदेश में एकेडमी फॉर वूमेन एंटरप्रेन्योर्स (एडब्ल्यूई) कार्यक्रम के दूसरे चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया। 30 से अधिक महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों को आज की कारोबारी दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और संसाधनों से सशक्त बनाया गया।

*****************